Act/21-22/146 Date: 21/12/21

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
(परीक्षा शाखा)

क्रमांक – जनावि/परीक्षा/2021/35208 दिनांक 20/12/21

–: सूचना :–

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर जिले के एम.ए/एम.कॉम./एम.एससी. (सीबीसीएस स्कीम) द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर नियमित/ ATKT विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2021 की आयोज्य विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित होने के इच्छुक परीक्षार्थी अपना ऑनलाइन परीक्षा आवेदन-पत्र ATKT सहित विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jnvu.edu.in पर दिनांक 21 दिसम्बर, 2021 से भर सकते है। विभिन्न प्रकार के शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करने एवं प्रिन्टेड आवेदन (हार्ड कॉपी) जमा कराने की तिथियाँ निम्नानुसार होंगी –

	ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथियां	प्रिन्टेड आवेदन पत्र (हार्ड कॉपी) जमा कराने की अंतिम तिथियां
बिना विलम्ब शुल्क	27 दिसम्बर 2021	29 दिसम्बर, 2021
50/– रुपये विलम्ब शुल्क सहित	03 जनवरी 2022	05 जनवरी 2022

आगामी तिथियों, परीक्षा शुल्क व परीक्षा से सम्बन्धित अन्य आवश्यक विस्तृत जानकारी जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jnvu.edu.in पर उपलब्ध रहेगी।

आवेदकों हेतु वेबसाइट पर विभिन्न परीक्षाओं हेतु अलग-अलग आवेदन-पत्र प्रारूप उपलब्ध होंगे। आवेदक जिस परीक्षा में आवेदन करना चाहता है, उस परीक्षा/प्रारूप को चुने तथा ऑन-लाइन परीक्षा आवेदन-पत्र भरकर ऑन-लाइन प्रस्तुत (submit) करने के बाद परीक्षा आवेदन-पत्र एवं शुल्क जमा करने हेतु चालान का प्रिन्ट लें। आवेदक शुल्क जमा करने से पूर्व आवेदन पत्र की प्रिन्ट प्रति का सावधानी से अवलोकन कर जाँच लें कि सभी प्रविष्टियाँ सही है यदि सुधार की जरूरत है तो दूसरा आवेदन पत्र भरे।

अग्रेषण केन्द्र से आवेदन जांच करवाने के पश्चात् ही शुल्क जमा करावे। आवेदक BANK OF BARODA/ICICI बैंक एवं अन्य बैंको के NEFT/RTGS सेवा नेट बैंकिंग (डेबिट कार्ड एवम क्रेडिट कार्ड) से भी शुल्क जमा करवा सकता है। शुल्क जमा करवाने के पश्चात् आवेदक विभिन्न तिथियों के अनुसार आवेदन की प्रिन्ट प्रति (Hard Copy) के साथ शुल्क जमा की प्रति तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजो यथा उसके द्वारा आवेदन की जा रही परीक्षा हेतु आवेदक को अर्हता प्रदान करने वाली परीक्षा से संबंधित आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल तथा स्वप्रमाणित प्रतियो एवं उसके वर्ग से संबंधित आवश्यक दस्तावेजो की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित विश्वविद्यालय के संबंधित संकायों/महाविद्यालयो मे कार्यालय समयानुसार जमा करा सकता है।

नोटः– 1. सीबीसीएस स्कीम के तहत पात्रता रखने वाले विद्यार्थियो के ही परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन सत्यापित करे।

2. अन्य विश्वविद्यालयों से स्नातक प्रथम/द्वितीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपने सतत (continuing) पाठ्यक्रम परीक्षाओ हेतु इस विश्वविद्यालय मे आवेदन नही करे।

3. सभी अग्रेषण अधिकारी को सूचित किया जाता है कि आप द्वारा आवेदन पत्र जांच कर विश्वविद्यालय को उपरोक्त वर्णित अंतिम तिथि से 07 दिवस में जमा करावे। नियत तिथि के पश्चात् यदि कोई आवेदन पत्र जमा नही होता है तो इसकी सम्पूर्ण रूप से जिम्मेदारी अग्रेषण अधिकारी एवं परीक्षार्थियों की होगी।

(प्रो. के. आर. मेनारिया)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक – जनावि/परीक्षा/2021/35208 दिनांक – 20/12/21

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है –

1 सभी अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष।
2 प्राचार्य सभी सम्बद्ध महाविद्यालय।
3 निदेशक कमला नेहरू महाविद्यालय/सायंकालीन अध्ययन संस्थान।
4 वित्त नियंत्रक /विश्वविद्यालय अभियन्ता।
5 निदेशक,इण्फोनेट जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
6 सभी सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी।
7 सचिव, छात्र सेवा मण्डल।
8 सभी वार्डन (छात्रावास)/चिकित्सा अधिकारी।
9 सचिव, कुलपति/निजी सहायक, कुलसचिव।
10 जन सम्पर्क अधिकारी।
11 परीक्षा विभाग की समस्त शाखाएँ, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।

(कार्तिक आसेरी)
सहायक कुलसचिव

Forward to
(1) Notice Board/website/app
(2) Sms to Students
(3) HOD's (Come Ans) (4) Rajesh Sharma

21/12/21.

Scanned by CamScanner